# हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज











## खबर संक्षेप

### पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त आज

**सीहोर।** नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किश्त अंतरित करेंगे। इस अवसर जिले पीएम किसान दिवस मनाया जाएगा। अवसर पर जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। हितग्राही प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में वीडियो कार्फ्रेंस लिंक https://pmindiawebcast.nic.in का उपयोग करके सीधे जुड़ सकते हैं।

### शिव भजन संध्या का भव्य आयोजन 4 अगस्त को किया जाएगा

**सीहोर।** धर्म की नगरी सिद्धपुर सीहोर में श्री महादेव सुंदरकांड ट्रस्ट के तत्वावधान में पवित्र सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार, 4 अगस्त 2025 को सीहोर के प्राचीन श्री मनकामेश्वर मंदिर तहसील चौराहा सीहोर में सांय 7 बजे से शिव भक्ति से औतप्रोत भव्य शिवमाला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सिजमें सोनी टीवी इंडियन आईडियल वैशाली रायकवार शिव भजन गायिका मनमोहक प्रस्तुती देंगी। श्री महादेव सुंदरकांड ट्रस्ट द्वारा सभी शिव भक्तों, मातृशक्तियों से उक्त शिव भक्तिमय संध्या में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## सीहोर के बड़ियाखेड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में होगा करोड़ों रुपए का निवेश, मिलेगा हजारों बेरोजगारों को रोजगार

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ विधायक सुदेश राय करेंगे देश के चुनिंदा उद्योगपतियों से संवाद

बड़ियाखेड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए पहले से हीं विधायक सुदेश राय के द्वारा उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





बड़ियाखेड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ विधायक सुदेश राय आज औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन करने के बाद उद्योगपतियों से विधानसभा क्षेत्र में उद्योग लगाने को लेकर संवाद करेंगे।

बडिय़ाखेड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए पहले से हीं विधायक सुदेश राय के द्वारा उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप जिलों को करोड़ों का निवेश मिलने जा रहा है। जल्दी ही औद्योगिक इकाइयां का लाभ हजारों नागरिकों को मिलेगा। कार्यक्रम को लेकर विधायक सुदेश राय ने कहा कि बडिय़ाखेड़ी इंडसट्रियल एरिया में औद्योगिक इकाइयों की संख्या में इजाफा होने जा रहा है जिस से क्षेत्र के सैकड़ों बेरोजगार को नियमित रोजगार मिलेगा। विधायक राय ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में भी लघु औद्योगिक इकाइयां लगवाई जाए जिस से की ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को भी पर्याप्त मात्रा में रोजगार उपलब्ध हो जाए। मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान हम मुख्यमंत्री का स्वागत करेंगे और नवीन औद्योगिक इकाइयों के लिए उन्हे मांग पत्र प्रदान करेंगे।




### इन औद्योगिक इकाइयों का होगा भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सीहोर में आयोजित कार्यक्रम में 04 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। इन इकाइयों में सीहोर जिले में लगभग 1406 करोड़ रूपये का निवेश होगा और 854 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जिन औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन होगा उनमें ये इकाइयां शामिल हैं। वान्यावेदा ग्रीन्स जो (झिलेला) सीहोर में 20.020 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 115 करोड़ रुपये के निवेश से फ्रूट निर्माण इकाई स्थापित होगी। जिससे 100 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार बारमॉल्ट माल्टिंग इंडिया प्रा.लि. (बड़ियाखेड़ी फेस.2) 10.250 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 400 करोड़ रुपए के निवेश से देश की सबसे बड़ी माल्ट निर्माता कंपनी की इकाई स्थापित होगी। जिससे 350 लोगों को रोजगार मिलेगा। सीजी पावर एंड इंडसट्रियल सॉल्यूशन लि. (जहांगीरपुरा) सीहोर में 18.260 हेक्टेयर में 888 करोड़ रुपए के निवेश से एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसफार्मर इकाई स्थापित होगी जिसमें 394 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज (बड़ियाखेड़ी) सीहोर 0.476 हेक्टेयर में 3 करोड़ रुपए के निवेश से बेवरेजेज निर्माण इकाई स्थापित होगी। जिससे 10 लोगों को रोजगार मिलेगा।

**इन औद्योगिक इकाइयों को वितरित होंगे आशय पत्र :** मुख्यमंत्री डॉ यादव सीहोर में आयोजित कार्यक्रम में 06 औद्योगिक इकाइयों को आशय पत्र वितरित करेंगे, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल है। इन इकाइयों में सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा और 311 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## खुशखबरी: अगले महीने मिल सकती है सीहोर को रेल इंजन कारखाने की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




लंबे समय से इंतजार कर रहे सीहोरवासियों के लिए अच्छी खबर है। सीहोर हाईवे पर तैयार हो रहे रेल इंजन कारखाने का काम अंतिम चरणों में चल रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो 15 अगस्त को इस कारखाने का शुभारंभ हो सकता है। इसके लिए दौलतराम इंडस्ट्रीज 24 घंटे काम कर रही है। बताया जाता है कि कारखाने में मशीनों को फिट किया जा रहा है। वहीं बाहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। कंट्रोल रूम से लेकर ऑपरेशन रूम बन रहे हैं। हाल ही में कंपनी के अधिकारियों ने पूरे कारखाने का भी जायजा लिया।

दरअसल जिला मुख्यालय से करीब शेरपुर में लगभग 15 साल पहले देखा गया डीजल रेल इंजन कारखाने का सपना अब साकार होने जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि 15 अगस्त को दौलतराम इंडस्ट्रीज के इस कारखाने का शुभारंभ हो सकता है। इस कारखाने से सीहोर के युवाओं को रोजगार मिलेगा तो वहीं व्यापार में भी इजाफा होगा। गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट की आधारशिला तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रखी थी। प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने ग्राम शेरपुर में 25 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई है। हालांकि शेरपुर क्षेत्र इछावर विधानसभा में आता है, लेकिन इछावर शहर से इसकी दूरी 25 किलोमीटर है। इसलिए इसका सीधा फायदा सीहोर शहर को ही मिलेगा।

### खजुराहो समिट में मिली थी सौगात

बताया जाता है कि यह प्रोजेक्ट करीब 200 करोड़ रुपए से अधिक का है। दौलतराम इंडस्ट्रीज इसमें डीजल और इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स एवं पाट्र्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगा रही है। साल 2010 में 23 अक्टूबर को खजुराहो समिट में इस प्रोजेक्ट का सरकार के साथ करार हुआ था। इसमें 151.75 करोड़ रुपए का स्थायी पूंजी निवेश और 53.25 करोड़ रुपए की कार्यशील पूंजी का प्रस्ताव था। हालांकि प्रोजेक्ट साल 2014 में शुरू होना था। लेकिन इसके शुभारंभ में देरी होती गई। अब 11 साल के लंबे इंतजार के बाद यह प्रोजेक्ट धरातल पर उतरा है और अगले महीने इसका शुभारंभ की तैयारियां चल रही हैं।

## पुलिस लाइन ग्राउंड पर आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

### समारोह के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

**सीहोर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान कार्यक्रम एवं व्यवस्था के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

अपर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार एसडीएम तन्मय वर्मा गणतंत्र दिवस समारोह की समस्त व्यवस्थाओं के प्रभारी होंगे।

तहसीलदार भारत नायक एवं तहसीलदार अमित सिंह कार्यक्रम स्थल ध्वजारोहण, कानून व्यवस्था के प्रभारी होंगे, इसी प्रकार समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के लिए तहसीलदार अविनाश सोमानिया, उप पंजीयन सहकारी संधीर कैथवास,जिला खनिज अधिकारी धमेन्द्र चौहान, उपसंचालक कृषि अशोक उपाध्याय, उप संचालक जनसंपर्क देवेन्द्र ओगारे, अधीक्षक भू-अभिलेख विजय सिंह सारठिया, जिला कोषालय अधिकारी नेहा सिंधाई, सहायक संचालक दिव्या राय, श्रम पदाधिकारी एसएन सांगुल्ले, जिला योजना अधिकारी संजय लक्केवार, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाहा, प्रबंधक जिला व्यापार के उद्योग केन्द्र अनुराग वर्मा, प्राचार्य आवासीय खेलकूद को संस्थान आलोक शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी श्याम कुमार धुर्वे, सहायक संचालक मत्स्योद्योग जगदीश सिलेटे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉं सुधीर डेहरिया कार्यक्रम स्थल पर मय एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल के साथ उपस्थित रहेगें।

## छुट्टियों की वजह से स्टूडेंट्स की पढ़ाई पर असर: हॉस्टल से 85 छात्राओं को रक्षाबंधन तक छुट्टी, नहीं लग रहीं क्लास




**सीहोर।** शहर का शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय एक बार फिर विवादों में घिर गया है। 16 जुलाई से कक्षाएं शुरू होनी थीं, लेकिन अब तक शिक्षण कार्य आरंभ नहीं हुआ है। आरोप है कि हॉस्टल वार्डन ने छात्राओं को रक्षाबंधन तक छुट्टी दे दी, जिससे तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कुछ दिन पहले कॉलेज की छात्राएं अपनी शिकायतों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। उनका आरोप था कि स्टेनो विषय की 25 छात्राओं को जानबूझकर प्रैक्टिकल में फेल कर दिया गया। छात्राओं ने इसे मानसिक उत्पीड़न बताया और कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

**प्रिंसिपल बोले- मैं नया हूं, मामले की जांच करूंगा:** हाल ही में पदस्थ हुए प्रिंसिपल चंद्रशेखर ने कहा कि वह कॉलेज में नए हैं, और उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि वे मामले को गंभीरता से लेकर जांच करेंगे। भोपाल नाका स्थित इस कॉलेज और हॉस्टल का विवादों से पुराना नाता रहा है। कुछ समय पहले हॉस्टल की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। उस समय भी वार्डन पर सवाल उठे थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**पढ़ाई पर असर, लेकिन जवाबदेही तय नहीं :** अब 85 छात्राओं को हॉस्टल से छुट्टी दे दी गई है, जिससे तकनीकी कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं। छात्राओं का कहना है कि कॉलेज प्रबंधन उनकी आवाज नहीं सुन रहा, इसलिए उन्हें बार-बार कलेक्ट्रेट जाना पड़ रहा है।

## खुलेआम बिजली चोरी, जिम्मेदार बेखबर

**सीहोर।** एक तरफ जहां बिजली कम्पनी शहर में स्मार्ट मीटर लगे रहवासियों के घरों मे बिजली चोरी के प्रकरण बना रही है वहीं दूसरी ओर कई जगह लोग खुलेआम बिजली के पोल पर सीधे तार डालकर बिजली चोरी कर रहे हैं। लेकिन जिम्मेदारों को ये नहीं दिख रहा है। मुगीसपुर क्षेत्र में कई जगह लोग खुलेआम बिजली के पोल पर सीधे तार डालकर बिजली चोरी कर रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग का कोई भी कर्मचरी इधर झांकने नहीं आता। मुगीसपुर के पास पुराने कुष्ठ चिकित्सालय के पास इस तरह बिजली पोल पर खुलेआम तार डालकर बिजली चोरी हो रही है।



## बुधनी थाने में हथियार लेकर घूमा युवक, रील बनाई और पुलिसकर्मी ने अभिवादन किया

### वीडियो वायरल होने पर ग्राम रक्षा समिति से हटाया, लाइसेंस भी हो गया निरस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के बुधनी थाना परिसर में एक युवक द्वारा लाइसेंसी हथियार लेकर घूमने और रील बनाने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि युवक थाने में बिना किसी रोक-टोक के घुसता है, पुलिसकर्मियों से बातचीत करता है और इस दौरान मोबाइल कैमरे से वीडियो भी रिकॉर्ड कर रहा है। चौंकाने वाली बात यह रही कि एक पुलिसकर्मी उसे अभिवादन करता भी नजर आ रहा है।

### नगर सुरक्षा समिति का सदस्य है युवक

जानकारी के मुताबिक युवक की पहचान रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम सोयत निवासी स्वरूप यादव के रूप में हुई है। वह ग्राम रक्षा समिति का सदस्य बताया गया है। माना जा रहा है कि युवक ने यह वीडियो खुद बनवाकर वायरल किया ताकि वह अपनी दबंग छवि बना सके और सोशल मीडिया पर रौब दिखा सके।

**सम्मेलन के दौरान चुपचाप बनाया वीडियो :** एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा ने बताया कि वीडियो की जानकारी मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह वीडियो 26 जून को ग्राम रक्षा समिति के एक सम्मेलन के दौरान बनाया गया था। इसे चुपचाप रिकॉर्ड कर अलग-अलग क्लिप को एडिट कर एक रील के रूप में इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया था।

**ग्राम रक्षा समिति से हटाया गया, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई :** एसडीओपी ने बताया कि युवक का आचरण अशोभनीय होने के कारण उसे तत्काल ग्राम रक्षा समिति से हटाने की कार्रवाई की गई है। साथ ही इंस्टाग्राम से संबंधित रील को डिलीट भी करवा दिया गया है। सार्वजनिक स्थान पर हथियार प्रदर्शन करने के चलते युवक का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

## कलेक्ट्रट कार्यालय पहुंचकर नारे लगाकर किया प्रदर्शन

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के समस्त विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाहा को प्रदेश के शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी की पांच सूत्रीय न्योचित मांगों का निराकरण करने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

पांच सूत्रीय मांग में वर्ष 2005 के पूर्व नियुक्त सभी विभागों के कर्मचारियों और राज्य शिक्षा में नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन स्कीम ओपीएस लागू की जाए। प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर ग्रेच्युटी और अवकाश नगदीकरण वरिष्ठता लागू किया जाए। एनपीएस धारी मृत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार को केंद्रीय कर्मचारियों के समान राज्य के कर्मचारियों को परिवार पेंशन स्कीम तत्काल लागू की जाए। यूनीफाइड पेंशन स्कीम नहीं मध्यप्रदेश सरकार पुरानी पेंशन स्कीम लागू करें। हम सभी मध्यप्रदेश शासन द्वारा गठित यूनिफाइड पेंशन स्कीम समिति का विरोध करते हैं। ई-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त की जाये। इसी के साथ ही मांग की है कि शिक्षक कर्मचारी अधिकारी की पांच सूत्रीय न्यायोचित मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार कर अविलम्ब निराकरण किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान सवाई सिंह परिहार, सतीश त्यागी, जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी, मुकेश कुशवाहा, संजय सक्सेना, मनोहर मालवीय, बद्री प्रसाद मालवीय, प्रदीप नागिया, मुबारिक खान, इंदर सिंह ठाकुर, मदन परमार, निर्मला कुशवाह, दीपाली सेन, किरण कसोदीया, सुनील भार्गव, मनोहर जैन, तजवर मुनव्वर जहा, ज्योती सोनी, रजनी राठौर, सुनिता अटारिया, राजेंद्र परमार सहित समस्त विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक बडी संख्या में उपस्थित थे।



## जिले में 24 घंटे में 1.9 एमएम औसत बारिश हुई दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 1.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 5 मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 1, बुधनी में 9, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।जिले में 1 जून से 1 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 675.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 651.8 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 1 अगस्त 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 651.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 661.6, आष्टा में 444, जावर में 401, इछावर में 614.3, भैरूंदा में 615, बुधनी में 615 तथा रेहटी में 862.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## एनसीसी पाठ्यक्रम के द्वितीय चरण में रजिस्ट्रेशन 4 तक

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के द्वितीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने यह प्रक्रिया शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के लिए तय की है।विद्यार्थी 31 से 4 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन और आवेदन कर सकेंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 31 से 6 अगस्त तक होगा। मेरिट सूची 7 अगस्त को जारी की जाएगी। सीट आवंटन 8 अगस्त को होगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर विद्यार्थियों को 8 से 13 अगस्त तक मूल दस्तावेज, टीसी और माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन कराना होगा। इसके लिए लिंक इनिशिएट करना जरूरी होगा। प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक किया जा सकेगा। अंतिम तिथि 14 तय की गई है।

## खबर संक्षेप



### कन्या शिक्षा परिसर का किया निरीक्षण

**सीहोर।** भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने सीहोर स्थित कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने स्कूल की कक्षाओं एवं विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन किया तथा छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। उन्होंने स्कूल में संचालित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण सहित पाठ्यक्रम तथा व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कन्या शिक्षा परिसर सूर्या फाउंडेशन द्वारा पीपीपी मोड पर संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरु के., जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन, एसडीएम तन्मय वर्मा, जनजाति कार्य विभाग के जिला संयोजक अरविंद कुशवाहा, प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा, संदीप मौर्य, प्राचार्य लोकेश, प्रशासक अशोक त्रिपाठी सहित सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

### दस्तक अभियान व स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाएगा और समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान का प्रथम चरण गृह भेंट आधारित नहीं होगा यह सेवाएं आंगनबाडी केन्द्र पर संचालित की जाएगी एवं मॉप-अप दिवस में छूटे हुये बच्चों को गृह भेंट कर सेवाएँ दी जायेंगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि इस अभियान के तहत अपने पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लेकर जांए और अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करें।

## 6 अगस्त को निकलेगी कुबेरेश्वरधाम कांवड यात्रा: कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से की जाएगी पुष्पों की वर्षा

# सारजन और रावण को टक्कर देगा बाबा डीजे, दो दर्जन से अधिक डीजे व झांकियां रहेंगी कांवड़ यात्रा में शामिल

शहर की जीवनदायनी सीवन नदी से प्रतिदिन हजारों की संख्या में दिन-रात कांवड लेकर पंडित श्री मिश्रा के आह्वान पर कांवड लेकर श्रद्धालु शहर से कुबेरेश्वरधाम की ओर जा रहे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





शहर के सीवन नदी के तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक पावन सावन माह में बोल बम -बोल बम, बम भोले की, नमः शिवाय जैसे नारों से गूंज उठी। ऐसे में शिवभक्त कांवड़ियों पर क्षेत्र वासी पुष्प वर्षा कर रहे है। वहीं शहर के अनेक स्थानों पर सेवा पंडाल भी लगाए गए है। जहां पर कांवड यात्रियों को प्रतिदिन नाश्ते, चाय और पेयजल का वितरण किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर कांवड यात्रा में आए श्रद्धालुओं के लिए हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। ये हेलीकॉप्टर उड़ान भरेगा। शुक्रवार को वहीं डीएम और एसपी समेत अन्य अफसरों ने कावड़ियों का हालचाल भी जाना। आगामी छह अगस्त को निकाली जाने वाली भव्य कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की जाएगी कांवड़ियों की राह में फूल बिछेंगे। इसके अलावा देश के विभिन्न प्रांतों से दो दर्जन से अधिक डीजे शामिल किए गए है। इसमें मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बाबा डीजे सीहोर के अलावा झारखंड से सार्जन डीजे, उत्तरप्रदेश के रावण डीजे, एमजे साउंड मेरठ, दिल्ली से कसाना डीजे, छत्तीसगढ़ पावर जोन, देव आडिया, महाराष्ट्र के प्रशांत डीजे, गुजरात के त्रिनेत्र डीजे, श्याम बैंड इंदौर, धुमाल भिलाई आदि को विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला टीम के द्वारा बुक किया गया है। पंडित समीर शुक्ला ने बताया कि देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले डीजे लाखों युवाओं की पसंद है, जिसके कारण पूरे देश के कांवड यात्री यहां पर आने वाले है, जिससे भव्य कांवड यात्रा महाकुंभ में तब्दील हो जाएगी। लाखों श्रद्धालुओं के भोजन प्रसादी के लिए देश की सबसे बड़ी भोजनशाला से प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### आस्था का महाकुंभ बनेगी, भारत की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा

विठलेश सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि इस कलियुग में शिव युग की वापसी हो गई है। शहर की जीवनदायनी सीवन नदी से प्रतिदिन हजारों की संख्या में दिन-रात कांवड लेकर पंडित श्री मिश्रा के आह्वान पर कांवड लेकर श्रद्धालु शहर से कुबेरेश्वरधाम की ओर जा रहे है। पिछले 20-25 दिनों में अब तक करीब 10 लाख से अधिक कांवडियों ने धाम पर पहुंचकर भगवान भोले की पूजन-अर्चना के साथ अभिषेक किया है। सावन का पावन माह भक्ति का सैलाब लगा हुआ है।

### हर रोज बड़ी संख्या में कावड़ लेकर महिला पुरुष आदि कांवड़ यात्री

हर रोज बड़ी संख्या में कावड़ लेकर महिला-पुरुष आदि कावड़ यात्री आ रहे है। पूरी आस्था और उत्साह के साथ यहां पर भगवान का जलाभिषेक का क्रम जारी है। 6 अगस्त को सुबह नौ बजे निकाली जाने वाली ऐतिहासिक कांवड यात्रा में एक बार फिर से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के सौ से अधिक ढोल-बाजे, भगवान शंकर के डमरू और डीजे आदि के साथ पूरे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को भगवा रंग से सराबोर कर दिया जाएगा। आयोजन को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा स्वयं शामिल रहेंगे। इस मौके पर डीजे, ढोल-ताशे और भोलेनाथ की झाकियों के साथ कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों युद्ध स्तर पर की जा रही है।

# एक वृक्ष मां के नाम पर वीआईटी परिसर में लगाए तीन हजार पौधे

**सीहोर।** पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति समर्पित अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए, वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) इकाई द्वारा एक भव्य पौधरोपण अभियान का आयोजन, दिनांक 24 जुलाई को किया गया था। इस प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत विश्वविद्यालय में कुल तीन हजार पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 500 से अधिक स्वयंसेवकों ने 15 समूहों में विभाजित होकर अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज की।

इस भव्य पौधरोपण अभियान के मुखय अतिथि अर्चना पटेल (डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर, वन विभाग, मध्य प्रदेश), जितेंद्र गुप्ता (उप वन संरक्षक, अनुसंधान एवं विस्तार शाखा, वन मुख्यालय, वन भवन, भोपाल), एल्विन बर्मन (उपवन मंडल अधिकारी, सीहोर) एवं नवनीत झा (रेंजर, सीहोर) रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति और प्रेरक उद्बोधन ने सभी प्रतिभागियों को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। अर्चना पटेल ने अपने संबोधन में वृक्षों के संरक्षण और जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सतत विकास की दिशा में योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलसचिव के.के.नायर की प्रतिष्ठित मौजूदगी और




विशेष मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उनकी उपस्थिति ने छात्रों को अधिक उत्साह के साथ पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आम, अमरुद, नीम, बरगद, कदम, बादाम, पीपल, जामुन, आंवला आदि वृक्षों का रोपण किया गया। इस दौरान छात्रों में अपने कार्य कौशल, जिम्मेदारी, और एकता का अद्भुत परिचय दिया। रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, तथा डॉ. पूजा वर्मा के विशेष मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम अत्यन सफल रहा। यह आयोजन न केवल संगठनात्मक दृष्टि से अनुकरणीय रहा, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रभावशाली सिद्ध हुआ।

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है।

लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बाजार में सड़क पर वाहन खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है।

# ना फनकार तुझसा तेरे बाद आया... मो. रफी को किया याद

**सीहोर।** मो. रफी की पुण्यतिथि पर गीत संगीत को समर्पित संस्था रिदम ग्रुप द्वारा एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया। गायक कलाकारों ने गीतों के माध्यम से सुप्रसिद्ध गायक मो .रफी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया । कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा रफी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। इसके बाद शैलेष तिवारी ने रफी साहब के जीवन के कुछ रोचक किस्से सुनाए। कोकिल कंठ सीमा जोशी, राजेश काशिव, विल्सन जैन, आदित्य गुप्ता, आरती ठकराल, नेहा ठकराल, राजेश बैरागी, ऋषभ दांगी,चंद्रप्रकाश वर्मा, सोनाक्षी कुलकर्णी, वैभव राठौर, हरिओम शर्मा दाऊ, यशवीर काशिव ने रफी के सदाबहार गीतों सुख के सब साथी, ये रेशमी जुल्फे,पुकारता चला हूं मैं, कितना प्यारा वादा, ये चांद सा रोशन चेहरा, ए फूलों की रानी बहारों की मलिका, गुलाबी आंखें, इतना तो याद है मुझे , झिलमिल सितारों का आंगन होगा,चाहूंगा मैं तुझे शाम




सबेरे, मुझे प्यार है तुमसे, आजकल तेरे मेरे चर्चे हर जुबान पर सहित कई सदाबहार गीतों को गाकर उन्हें याद कर श्रद्धांजली अर्पित की। कलाकरों ने अपनी गीतों की प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के संचालन के साथ रफी साहब के व्यक्तिव पर प्रदीप नागिया ने प्रकाश डाला। आभार रिदम ग्रुप की ओर से राजेश काशिव ने व्यक्त किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त होने पर किया विदाई सम्मान समारोह का आयोजन, वनपाल को दी भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



खिवनी अभयारण्य की दौलतपुर सबरेंज में वनपाल उदयभान सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर गुरुवार को वन चौकी पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वन अमले द्वारा सेवा निवृत्त वनपाल का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।

दौलतपुर वन चौकी में पदस्थ वन अमले द्वारा वनपाल उदयभान सिंह की सेवानिवृत्ति पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनपाल पूरन सिंह ठाकुर ने कहा कि श्री उदयभान सिंह का संपूर्ण सेवाकाल ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का पर्याय रहा। हम सभी वनकर्मी श्री उदयभान सिंह की अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सेवा भावना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर सभी वनकर्मियों ने सेवानिवृत्त वनपाल को पुष्प माला पहनाकर एवं शाल , श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही भावपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वनपाल पूरन सिंह ठाकुर, वन रक्षक बजरंग सिंह , अब्दुल सलाम वन समिति अध्यक्ष सिपेन्द्र सिंह, रामेश्वर काजलिया, वीरेंद्र सिंह, प्रेमराज जाट, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### नितेश साहू का युवाओं ने किया स्वागत



**रेहटी।** राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन मध्य प्रदेश के राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष नितेश साहू को बनाए जाने पर रेहटी नगर के युवा टीम के द्वारा बधाई प्रेषित की गई सचिन साहू अध्यक्ष अमन साहू उपाध्यक्ष अर्पित साहू महामंत्री सतीश साहू उपाध्यक्ष राहुल कोषाध्यक्ष सुदीप साहू, संजय, पवन साहू , संदीप ,सत्यम, शुभम, अरविंद, लक्की, प्रथम, अंकित, अंकित ,आदर्श, आयुष, एवं सभी नगर युवा साहू समाज द्वारा उनके निवास पर पहुंच कर भव्य स्वागत किया गया।

### नपाध्यक्ष ने शाला में किया शैक्षणिक सामग्री का वितरण




**सीहोर।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा स्थानीय लेवर कॉलोनी सीहोर के शासकीय माध्यमिक शाला सरदार पटेल स्कूल में छात्रों के बीच पहुंचे और बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर आदि शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर श्री राठौर ने अपने स्वागतोत्तर में छात्रों से अपना लक्ष्य निर्धारण करने तथा सीहोर शहर को स्वच्छ बनाने हेतु कचरा वेरियर हेतु शाला के छात्रों को नियुक्त कर सीहोर नगर को पूर्ण रूप से स्वच्छ व सुन्दर बनाने की अपील की।शाला प्रभारी श्रीमती ममता मालवीय द्वारा शाला को सुन्दर बनाने हेतु कुछ आवश्यक कार्य कराये जाने जिसमें सरदार पटेल उद्यान वाटिका, छत मरम्मत, शौचालय व मैदान की सफाई तथा बाउण्ड्री वाल की मरम्मत हेतु आवेदन दिया गया, जिस पर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठोर ने शीघ्र उक्त कार्य कराये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रदीप गौतम, विनय भटेले, शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष सफीक मियाँ, रागनी बिसोरिया, रेहाना खान, नफीसा बी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार व्यास ने किया एवं आभार संध्या भटेले ने व्यक्त किया।

### माताओं को किया जाएगा जागरूक

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 अगस्त से 7 अगस्त तक जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जायेगा। इसका उद्देश्य स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके तहत अस्पतालों के वार्डो में भर्ती महिलाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाली गर्भवती तथा धात्री माताओ को महिला चिकित्सकों द्वारा जागरूक किया जाएगा। माताओं को बताया जाएगा कि वे बच्चे के जन्म के बाद प्रथम 6 महीने तक उसे केवल स्तनपान कराएं। इसके साथ ही कंगारू मदर केयर संबंधी परामर्श सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

# खेरी हाई सेकंडरी स्कूल में हुआ 32 बच्चों को साइकिल वितरण समारोह का आयोजन

## साइकिल पाकर खुश नजर आए छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यायल खेरी में कक्षा 9 वी के 32 छात्रों को साईकलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि विष्णु वर्मा ने प्रारम्भ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसी दौरान विधायक प्रतिनिधि विष्णु वर्मा कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रही है। बच्चों को पढ़ाई के अवसर उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि बच्चे पढ़ाई कर सकें और अपने भविष्य के साथ-साथ देश का भविष्य गढ़ सकें। उन्होंने सभी बालिकाओं को नई साइकिल मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चों को हमेशा अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि हमारे जीवन की सफलता में हमारे माता-पिता और हमारे शिक्षक का योगदान सर्वोपरि होता हैं। इस अवसर पर बालिकओं ने प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहले हमें दूर से पैदल चलकर स्कूल आना पड़ता था, पर अब साइकिल मिल जाने से हमें स्कूल पहुंचने में आसानी होगी एवं पढ़ाई करने के लिए काफी समय मिलेगा। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि धनपाल सिंह वर्मा, बद्री प्रसाद मालवीय, यशस्वी राव, सुरेश वर्मा, रामबाबू वर्मा, नितेश कुमार, गब्बर सिंह आदि एवं विद्यालय के शिक्षक गण छात्राएं उपस्थित रहे।

## कांवड़ यात्रा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कलेक्टर-एसपी ने सीवन नदी घाट और कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर नगर के सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक 6 अगस्त को कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कावड़ यात्रा सीवन नदी घाट से प्रारंभ होकर कुबेरेश्वर धाम पहुंचेगी। कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कावड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए सीवन नदी घाट एवं कावड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। कलेक्टर बालागुरू के. ने कावड़ यात्रा के दौरान सीवन नदी घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने और उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए घाट पर मोटरबोट एवं अन्य संसाधनों के साथ होमगार्ड जवानों एवं अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीवन नदी घाट एवं कुबेरेश्वर धाम पर फायर ब्रिगेड, फायर फाइटर, साफ-सफाई आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए है। कावड़ यात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर शुद्ध पेयजल के टैंकर की उपलब्धता के भी निर्देश दिए हैं। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को कावड़ यात्रा के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मप्र सड़क विकास निगम का जिले में दफ्तर नहीं होने से कोई नहीं दे रहा ध्यान

# ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हाईवे पर बारिश ने दिए 'करोड़ों के जख्म'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

**हाईवे पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों से बनी दुर्घटनाओं की संभावना**

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम(एमपीआरडीसी) द्वारा साल 2015 में करोड़ों रुपए की लागत से ब्यावरा से राजगढ़ होते हुए राजस्थान सीमा समेली बार्डर तक हाईवे पर चैड़ीकरण कार्य करवाया गया था। सड़क विकास निगम ने निर्माण एजेंसी मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर को यह कार्य सौंपते हुए टोल वसूली की जिम्मेदारी सौंपी थी। उक्त हाईवे पूर्व से अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका था लेकिन बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश ने सैकड़ों स्थानों पर हाईवे को छलनी कर दिया है। डामरीकृत हाईवे की सड़क पर ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक अनेकों स्थानों दर्जनों बड़े-बड़े गड्डे हो चुके हैं। बारिश के चलते सड़क का डामर उखड़ चुका है। गड्डों के चलते हाईवे से प्रतिदिन गुजरने वाले सैंकड़ों वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसके साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार रात्रि को ही जालपा माता मंदिर के आगे देवगढ़ के समीप हाईवे पर हुए बड़े गड्डे से असंतुलित होकर एक कार पलटी मारते हुए 10 फीट दूर खाई में जा गिरी थी। गनीमत से दुर्घटना में बड़ी जनहानि नहीं हुई।

#### बाईपास पर ही आधे फीट से ज्यादा गहरा गड्डा

*इसी हईवे पर राजगढ़ शहर की सीमा से होकर निकले बाईपास पर स्थानीय दरगाह गेट के सामने आधे फीट से भी ज्यादा गहरा गड्डा हो चुका है। इस तरह के गड्डे इस हाईवे पर अनेकों स्थानों पर हो चुके हैं जिनसे दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है।*

#### ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक मेंटेनेंस की दरकार

*हाईवे की बदहाली सिर्फ नेवज नदी के पुल पर हुए गड्डों तक ही सीमित नहीं है बल्कि ब्यावरा से लेकर राजस्थान सीमा समेली तक कईं स्थानों पर हाईवे के मेन्टनेंस की दरकार है। हाईवे की सीमा में ऐसे सैकड़ों स्थान हैं जहां पर मरम्मत करवाया जाना नितांत आवश्यक है अन्यथा हाईवे पर सरपट दौड़ते वाहनों के साथ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।*

#### न एमपीआरडीसी और न टोल कंपनी दे रही है ध्यान

*एनएच-52 हाईवे पर प्रत्येक वाहन से बाकायदा टोल वसूल रही टोल कंपनी के जिम्मेदारों द्वारा क्षतिग्रस्त स्थानों की कोई सुध नहीं ली जा रही है। दरअसल, टोल कंपनी को निर्देशित करने का अधिकार एमपीआरडीसी को है, लेकिन इस विभाग का जिले में कोई कार्यालय ही नहीं है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम का मुख्य कार्यालय राजधानी भोपाल में स्थित होने के चलते जिम्मेदार अधिकारी वाहन चालकों को हो रही परेशानियों एवं संभावित दुर्घटनाओं की तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। हाईवे से अक्सर गुजरने वाले जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को भी आमजनों सहित वाहन चालकों की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है।*

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में प्रसूताओं को नहीं मिल रहा पोषण आहार

# ठेकेदार की मनमानी से महिलाएं परेशान, कई दिनों से बंद है चाय, नाश्ता और भोजन वितरण, परिजनों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा



मध्य प्रदेश शासन ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रसव के बाद स्वास्थ्य केन्द्र पर भोजन देने की योजना बनाई गई है। राजगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में पिछेल अप्रैल, मई जून,2025 महीने भर से प्रसूता महिला को मिलने वाला भोजन नहीं मिल रहा है, और डिलीवरी कराने आए महिलाओं को भूखा रहना पड़ रहा है या घर से भोजन की व्यवस्था करानी पड़ रही है। 'नियमतः डिलीवरी कराने आई महिलाओं को अंडा और दूध तो छोड़िए दाल-रोटी भी नसीब नहीं हो रहा।' जिसमें उन्हें नाश्ता और दो समय का खाना और पौष्टिक आहार जैसे दूध, काजू, किशमिश के लड्डू, रोटी, हरि सब्जी और अन्य पौष्टिक आहार दिया जाना होता है। जिसमें 100 रुपये के लगभग से अधिक की राशि शासकीय योजना के तहत शासन प्रदान करती है, जो कि कुल 100 रुपये से अधिक का बजट एक प्रसूता महिला के लिए शासन द्वारा दिया जाता है। बजट होने के बावजूद उन्हें खाना क्यों नहीं दिया जा रहा यह समझ से परे है। बताना लाजमी होगा कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बोड़ा में महीने भर में करीबन 30 से 40 महिलाओं का डिलीवरी होता है। जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती होती है तो उसे पोषणयुक्त दोपहर व रात्रि भोजन और सुबह का नाश्ता निःशल्क देने का प्रावधान है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में भर्ती प्रसूति महिलाओं को कई दिनों से शासन द्वारा निर्धारित पोषण आहार नहीं मिल रहा है। मरीजों के अटेंडरों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में चाय, नाश्ता और भोजन जैसी बुनियादी सुविधाएं ठेकेदार की लापरवाही के कारण बंद हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार तड़के करीब 1 बजे एक प्रसूता के परिजन ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बेटी की डिलीवरी यहां हुई, लेकिन तीन दिन तक अस्पताल में भर्ती रहने के बावजूद उसे कोई पोषण आहार नहीं दिया गया।

#### पीड़ितों की आपबीती

*▶▶ 01 - **मोना राजपूत (प्रसूता)** : हमें अस्पताल में कोई भोजन नहीं मिला। घर से चाय, नाश्ता और खाना मंगवाकर ही खा रहे हैं।*

*▶▶ 02 - **रानी, आंखखेड़ी** : अब तक कुछ भी नहीं दिया गया। शासन तो व्यवस्था करता है, लेकिन ठेकेदार की मनमानी से कुछ भी नहीं मिल रहा।*

*▶▶ 03'- **बीरम पिपलिया की महिला अटेंडर** : तीन दिन से यहां हैं, लेकिन अस्पताल की ओर से किसी भी प्रकार का भोजन या चाय नहीं दी गई।*

#### प्रशासनिक पक्ष

*इस पूरे मामले पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा के मेडिकल ऑफिसर डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह मंडलोई का कहना है - ठेकेदार द्वारा पिछले कुछ दिनों से प्रसूति महिलाओं को भोजन और चाय नहीं दी जा रही है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी भेजी जा चुकी है।*

### जनप्रतिनिधियों ने वाहन चालकों को सौंपी चाबियां

# जिले को मिले 2 शव वाहनों में एक राजगढ़ तो दूसरा रहेगा ब्यावरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों सहित अन्य दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के शवों को उनके घर या मुक्तिधामों तक पहुंचाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन, हालिया स्वास्थ्य विभाग ने जिले को 2 शव वाहन उपलब्ध करवाए हैं। इन दो शव वाहनों में से एक राजगढ़ जिला अस्पताल तो दूसरा ब्यावरा सिविल अस्पताल में उपलब्ध रहेगा।

गुरुवार को कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा और जिला विकास एवं निगरानी समिति सदस्य ज्ञानसिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष विनोद साहू ने इन वाहनों के चालकों को चाबियां सौंपी। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में शव वाहन की काफी लंबे समय से आवश्यकता थी। इन वाहनों से दुख की घड़ी में परिजनों को अपने प्रियजनों को अंतिम संस्कार के लिए गृह निवास तक ले जाने में बड़ी राहत मिलेगी। शव वाहन की उपलब्धता से न केवल शहरी क्षेत्रों में बल्कि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को सुविधा मिल सकेगी। अक्सर शवों को ले जाने के लिए निजी वाहनों या अन्य अनुपयुक्त साधनों का उपयोग करना पड़ता था। शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए इन समर्पित वाहनों के माध्यम से सम्मानजनक और सुरक्षित तरीके से शवों को उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाया जा सकेगा।

#### इस तरह से होगा शव वाहनों का संचालन

*जिले को प्राप्त शव वाहनों के संचालन के लिए टोल-फ्री नंबर 1080 जारी किया गया है। इस नंबर पर डॉयल करके पूछी गई जानकारी दर्ज कराकर वाहन का उपयोग किया जा सकता है। वाहनों का संचालन राजगढ़ जिले की सीमा के अंदर ही किया जाएगा। किसी भी शासकीय अस्पताल में हुई मृत्यु पर शव वाहन मृतक को उसके निवास स्थान अथवा मुक्तिधाम तक निःशुल्क परिवहन किए जाने हेतु रहेगी। प्रायवेट अस्पताल, निजी संस्थानों अथवा अन्यत्र जगहों के लिए शव वाहन उपलब्ध कराए जाने की पात्रता नहीं होगी।*

# वेतन के अभाव में नप सफाई कर्मचारियों ने काम किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर पालिका सारंगपुर में विगत महीनों से वेतन नहीं मिलने की शिकायत नगर पालिका के सफाई कर्मी बोल रहे हैं,इन सफाई कर्मियों का वेतन कब से बकाया है वेतन क्यों नहीं मिल रहा हैं,इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है किंतु वेतन के अभाव में नगर पालिका के सफाई कर्मी लगातार वेतन की मांग कर रहे हैं, गुरुवार को वेतन को लेकर ही सफाई कर्मी नगर पालिका सीएमओ से मिले तो उनका जवाब था कि वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश के बाद ही कुछ लोगों का वेतन दिया जाएगा कुछ का वेतन आज भुगतान होगा लेकिन,समाचार लिखे जाने तक किसी भी सफाई कर्मी का भुगतान नहीं हुआ,सफाई कर्मी रोज की तरह 2 बजे होने वाली उपस्थिति के समय नगर पालिका पहुंच गए और अपने अपने दरोगा को उपस्थिति दर्ज करवाई किन्तु,एक भी कर्मचारी वेतन नहीं मिलने के कारण काम कर नहीं गया,सफाई कर्मचारी संघ के नेता रवि गिरजे एवं अन्य पदाधिकारियों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जब तक वेतन नहीं मिलेगा कोई भी सफाई कर्मी

#### इनका कहना हैं,

*2016 पूर्व के सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान कर दिया हैं शेष कर्मचारियों के वेतन के लिए वरिष्ठ कार्यालय से मार्गदर्शन चाहा गया है।*

***ज्योति**, सीएमओ नपा सारंगपुर,*

### शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय मंग्याखेड़ी में स्कूल बैग वितरण

# गरीबों की मदद के लिए आगे बढ़े हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर विकासखंड का एक विद्यालय ऐसा है जहां पर विद्यार्थियों को स्कूल बैग मिले है उक्त स्कूल का नाम शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय मंग्याखेड़ी है जिसमें ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश बिरमाल, ब्लॉक समन्वयक बी एल वर्मा संकुल प्राचार्य उदनखेड़ी गोरी लाल भिलाला, जन शिक्षक देवीसिंह नगर वरिष्ठ शिक्षक मुश्ताक खान, गोपाल प्रसाद राठौर अतिथि शिक्षक दीलीपसिंह राजपूत ,देवेश मालवीय सरपंच मांगीलाल राजपूत,पंचायत मंत्री सुरेश राठौर,अभिभावक संघ के अध्यक्ष रामसूरत मालवीय,वरिष्ठ ग्रामीण राम नारायण राजपूत, एवं समस्त छात्रों की उपस्थिति में संस्था की प्रभारी सुनीता राजपूत की ओर से सभी बच्चों को नए स्कूल बैग अतिथियों के कर कमलों से वितरित किए गए इस अवसर पर स्कूल की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सुरेश बिरमाल द्वारा बच्चों को आशीष वचन स्वरूप कविताओं के माध्यम से गुदगुदाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही परोपकार की भावना से गरीब बच्चों को की जा रही मदद की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। साथ में आए संकुल प्राचार्य द्वारा भी बच्चों के प्रदर्शन को देखते हुए उनको प्रोत्साहित किया गया एवं स्कूल को हर तरह के सहयोग का आश्वाशन दिया गया। समस्त अतिथियो द्वारा बच्चों से बातचीत कर उनका स्तर देखा गया और स्कूल की सराहना की।

# एनएचएआई ने शुरू किया चंबल पुल की मरम्मत का काम



**श्योपुर।** बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई चंबल नदी के पाली पुल की स्लैब की मरम्मत का काम एनएचएआई के द्वारा शुरू करवा दिया गया है। नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने बताया कि बहुत जल्द ही पुल की आवश्यक मरम्मत का काम कंपलीट कर लिया जाएगा। बता दें कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन की ओर से चंबल पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा रखी है।

# सड़क पर भटकता गोवंश, कलेक्टर के आदेश बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



विगत दिनों कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सड़कों पर खुलेआम गौवंश का विचरण लगातार जारी है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही आए दिन गोवंश दुर्घटना का शिकार हो रहा है शहर की मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों और आवासीय कॉलोनियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गौवंश का झुंड आए दिन यातायात में बाधा बनता है। कई बार ये मवेशी सड़क पर बैठकर वाहनों के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। गौरतलब है कि कलेक्टर गिरीश मिश्रा द्वारा पूर्व में नगर पालिका,जनपद पंचायत सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया था कि शहर की सड़कों से स्वतंत्र रूप से घूम रहे हो वंश को हटाकर गौशालाओं में भेजा जाए, परंतु प्रशासनिक अमला इस दिशा में पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी न तो कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है और न ही नगर पालिका तथा ग्राम पंचायत से स्थायी समाधान की पहल की नहींजा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं में पहुंचाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं और अव्यवस्था से बचा जा सके।

### मंडी निरीक्षक हुए सेवानिवृत

# कृषि उपज मंडी समिति ने दी भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा में पदस्थ मंडी निरीक्षक नारायण प्रसाद दुगारिया की 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंडी सचिव रामप्रसाद राज द्वारा शाल श्रीफल दे कर सम्मान किया गया।

इसमें समस्त कर्मचारीगरण द्वारा स्नेहपूर्वक पुष्पहार देकर नारायण प्रसाद को कार्यालय से विदाई दी गई। कार्यक्रम में पूर्व मंडी सचिव लक्ष्मीनारायण दांगी, मंडी सचिव गोवर्धन लाल दांगी , लक्ष्मी नारायण कोट, भगवान सिंह राजपूत, मंडी सचिव हरिप्रसाद वर्मा, मंडी सचिव देवेंद्र मीणा , मंडी सचिव देवीलाल सोंधिया, रोडमल भिलाला गोपाल सिंह सिकरवार, रमेश वर्मा, राजेश सक्सेना, महेश यादव, जगदीश प्रसाद दांगी, देवीसिंह केसरिया, गोपाल साहू, रोहित विश्वकर्मा, दुलीचंद कोट, सीताराम वर्मा, भगवान सिंह चंद्रवंशी, प्रियांशू जाटव, आकाश भिलाला, बद्रीप्रसाद भिलाला, नितिन शर्मा,गोकूल प्रसाद शर्मा, प्रियंका भगत, रेखा यादव एवं समस्त सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

# कुछ महीनों में नया ग्रिट जल्द होगा तैयार, बार-बार बिजली कटौती से नगर वासियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



छापीहेड़ा में बन रहा नया बिजली ग्रिट बिजली कटौती से अब नगर वासियों को मिलेगी राहत क्योंकि इस ग्रिट पर बिजली बड़ी लाइन के माध्यम से आएगी जो नलखेड़ा खुजनेर जीरापुर की समस्त लाइनों से जुड़ी होगी भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार लगातार हर एक डिपार्मेंट के माध्यम से प्रदेश की जनता को समस्त मूलभूत सुविधाओ की सौगात लगातार धरातल पर बिछा रही है जैसे जल संसाधन द्वारा लाइने बिछाकर नगर एवं ग्रामों से लेकर एक-एक खेत पर पानी पहुंचे ऐसे में किसानों को राहत देने का काम कर रही है चाहे स्टेट हाईवे रोड का डेवलपमेंट देखा जाए तो नगर में आर सीसी के माध्यम नवीन कायाकल्प हो रहा वैसे ही नगर में बिजली की बार-बार समस्याओं से निजात दिलाने के लिए कुछ ही महीनौ में बड़ी लाइन के माध्यम से सुचारू रूप से 24 घंटे बिजली उपलब्ध मिलेगी ऐसी आशा बिजली विभाग के सुपरवाइजर योगेश चौरसिया ने बताई है चौरसिया के आने के बाद नगर छापीहेड़ा में बिजली संबंधित सभी शिकायतों का तत्परता के साथ त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा नगर में लगे सभी ट्रांसफरों पर पशु व कोई जनहानि ना हो इसको देखते हुए चौतरफा बाउंड्री वॉल सृष्टिमेड तरीके से लगवाने का प्रयास जल्द शुरू किया जाएगा आज नगर के मुकेश चौधरी पुरुषोत्तम गुप्ता हेमराज जायसवाल मंगल घटेलिया रामबाबू चैहान सभी पत्रकारों ने मिलकर चैरसिया से बिजली के संबंध में मुख्य बातें कर विमर्श किया तथा उनके आवागमन पर उनको बधाई दी।

### उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती पर विचार गोष्ठी मनाई

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में हिंदी विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय विचार गोष्ठी आयोजित की गई। उक्त गोष्ठी के मुख्य अतिथि अशोक कुमार शर्मा थे एवं अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विपिन बिहारी खरे ने की। गोष्ठी में मंशी प्रेमचंद के जीवन दर्शन एवं साहित्य पर बोलते हुए डॉ. खरे ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद के विचार हर युग में प्रासंगिक रहे हैं। उनका जीवन दर्शन साहित्य एवं समाज को आईना दिखाता हुआ अभिव्यक्त हुआ है। प्रेमचंद की वर्तमान प्रासंगिकता को इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने उनकी विभिन्न कहानियों के प्रसंगों के दृष्टिकोण से रेखांकित किया। पंच परमेश्वर, बड़े घर की बेटी, दो बैलों की कथा, आहुति, सवा सैर गेहूं, कफन जैसे कितनी ही कहानियां मुंशीजी ने लिखी हैं जिसमें समकालीन साहित्य की खनक एवं आगामी भारत के भविष्य का चित्रण है। श्री शर्मा ने उनके साहित्यिक उपन्यासों में गबन एवं गोदान को भी रेखांकन किया। साथ ही उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

#### मुंशी प्रेमचंद को जाता है हिंदी भाषा को समृद्ध करने का श्रैय

कार्यक्रम के सूत्रधार एवं हिंदी सहायक प्राध्यापक मोहन पुरी ने कहा कि हिंदी को वैश्विक ज्ञान से जोड़ने एवं तत्कालीन हिंदी भाषा को समृद्ध करने का श्रेय मुंशी प्रेमचंदजी को जाता है। विचार गोष्ठी में डॉ. रजनी खरे, डॉ. दिनेश मालवीय, डॉ. राजमल नागर एवं डॉ. अशोक विजयवर्गीय का भी विशेष योगदान रहा। प्रेमचंद के क्रांतिकारी विचारों की वर्तमान आवश्यकता पर विमर्श के साथ-साथ गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## खबर संक्षेप

### मौसम खुलते ही मंडी में शुरू हुई आवक

**आष्टा।** गुरुवार को सुबह से ही मौसम खुला रहा। जिससे मंडी में भी पिछले दिनों से डबल आवक दर्ज हुई। वहीं नगर के बाजारों में भी चहल-पहल देखने को मिली। इससे व्यापारियों को भी राहत मिली है। गुरूवार को कृषि उपज मंडी में कुल आवक 8598 क्विंटल की रही। इस दौरान गेहूं सुजाता 3200 से 4160, गेहूं लोकवन 2700 से 3032, गेहूं पूर्णा 2500 से 2875, गेहूं मालवराज 2640 से 2705, गेहूं मिल 2600 से 2670, चना कांटा 4400 से 6250, चना मौसमी 6500, चना सफेद 6780 से 10015, चना काकटू 5605 से 7100, सोयाबीन पीला 2000 से 4740, मसूर 4650 से 7601, राई 6410 से 6780,उड़द 6153, मूंग 2000 से 7681 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ।

### महिला मंडल ने किया भक्तांबर पाठ

**आष्टा।** जय जिनेंद्र महिला मंडल का मासिक पाठ नेमिनाथ जयंती पर अंजू जैन के निवास पर हुआ। आदिनाथ भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भक्तांबर पाठ की शुरुआत हुई। पारसनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर मुकुट सप्तमी का निर्वाण लाडू सभी जैन मंदिरों में चढ़ाया गया। मंडल अध्यक्ष शकुंतला छाजेड़ ने बताया, गंज मंदिर में सभी सदस्याओं ने भगवान पारसनाथ को निर्वाण लाडू अर्पित किए। मोक्ष सप्तमी के दिन भगवान पारसनाथ का मोक्ष सम्मेद शिखरजी से हुआ था। इस दिन छोटी बच्चियां निर्जला उपवास रखती हैं। महिला जागृति मंच की अध्यक्ष खुशी कासलीवाल ने कहा, भगवान ने अहिंसा का मार्ग दिखाया। हमें सभी जीवों की रक्षा करनी चाहिए। बच्चियों के उपवास की सुखसता की कामना भगवान पारसनाथ से की गई। इस अवसर पर शकुंतला छाजेड़, पदमा कासलीवाल, मधु कासलीवाल आदि उपस्थित थे।

### अव्यवस्थित यातायात और अतिक्रमण ने बिगाड़े अहमदपुर के हालात

# संकरे मार्ग और दुकानदारों के अतिक्रमण में लग रहे जाम से आए दिन हो रहे हादसे

रोज लगने वाले जाम के कारण यातायात पूरी तरह से बंद हो जाता है। रोड किनारे दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण पहले से सकरा मार्ग ओर सकरा हो जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



जिले के अहमदपुर में प्रतिदिन लगभग 80 गांव के 3 हजार विद्यार्थी अध्ययन करने के लिए अहमदपुर में संचालित विद्यालयों में प्रतिदिन आते हैं जिनका गुजरना अहमदपुर बाजार सहित चरनाल जोड़ से होता है। आए दिन बच्चों को ट्रैफिक के दबाव के कारण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। कई बार छोटे-छोटे मासूम स्कूली बच्चे स्कूल बसों में बैठे रहते हैं। बाजार में आव्यवस्था के चलते आए दिन इस तरह के हालात बनते हैं। ऐसा ही नजारा शुक्रवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद चरनाल जोड़ पर देखने को मिला यहां पर स्कूल बसों सहित आम जन के वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। इस कारण से स्कूली बच्चे काफी परेशान नजर आए। वही देखा जाए तो इतनी बड़ी संख्या में अहमदपुर में स्कूली बच्चों का आना यहां से होकर गुजरना उनकी सुरक्षा को लेकर भी बड़ा सवाल खड़ा करता हुआ नजर आ रहा है वहीं देखा जाए तो जिम्मेदार बेखबर है वहीं स्कूली बच्चों ने बताया कि आए दिन इस तरह के हालात बनते हैं। यहां की व्यवस्थाओं को सुधारा जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। गौरव गुप्ता का कहना है कि व्यवस्थाओं को सुधारना चाहिए हम छुट्टी होने के बाद बच्चों को लेने जाते हैं तो बड़ी समस्या से होकर यहां से गुजरना पड़ता है। स्कूलों की छुट्टी होते ही चरनाल जोड़ पर लगती है लंबी-लंबी कतारे। छुट्टी के समय सड़क पर दबाव होने के कारण ट्रैफिक जाम होता है जिसके कारण कभी-कभी तो या जाम घंटो लग जाता है जब कहीं कोई राहगीर इस समस्याओं को सुलझाने में आगे आते हैं जब जाकर यह जाम से निजात मिलती है परंतु जिम्मेदार अधिकारी ट्रैफिक जाम होने के बाद मौके पर नहीं पहुंचते , जाम के हालात सड़क पर अवस्थित खड़े वाहन सड़क पर अवस्थित तरीके से अतिक्रमण के कारण जाम लगता है।

#### अतिक्रमण के कारण बिगड़ रहे हालात

रहवासी जवाहर लोधी ने बताया कि छुट्टी होने के बाद जब हम बच्चों को लेने जाते हैं, तो रोड से होकर गुजरने में काफी समस्याएं होती हैं। यहां की व्यवस्थाओं को सुधारना चाहिए। ताकि बच्चों को लाने ले जाने में समस्या उत्पन्न ना हो। नागरिक हिरदेश हाड़ा का कहना है कि रोड के किनारे जो लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। उसे हटना चाहिए अगर वह हट जाता है तो यहां काफी निजात मिलेगी और किसी को भी रोड से गुजरने में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी। लेकिन मार्ग के आसपास का अतिक्रमण हटाने के प्रयास नहीं हो रहे।

#### पहला मामला



शुक्रवार के दिन थाने के बाउंड्री बाल के पास मेन रोड पर ट्राली खड़ी होने के कारण एक दुर्घटना हो गई। शुक्रवार के दिन 2 :00 बजे के लगभग एक किसान सेवा सहकारी समिति से आने के बाद जब निकला तो सामने से आ रहा वाहन कंट्रोल न होने के कारण अवैध पार्किंग में जा घुसा जिससे कि वहांन चलाक घायल हो गया।

#### दूसरा मामला



मेंन रोड सिकंदरपुर रोड पर शुक्रवार के दिन मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद बड़ी संख्या में पैदल आने जाने वाले राहगीरों को भी मुख्य मार्ग पर लगे जाम के कारण बड़ी समस्या से जूझना पड़ा। इधर तो जुम्मे की नमाज के बाद नमाज खत्म होने के बाद ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया तो वहीं स्कूली बच्चों की बसों का दबाव भी बड़ गया। जिससे जाम लगने लगा

#### तीसारा मामला



अहमदपुर के मेंन बाजार में नदी के पुल के ऊपर दोनों तरफ वाहनों की पार्किंग होने के कारण पुल के ऊपर गायों के बैठने के कारण भी स्थिति बिगड़ी नजर आती है पुल के ऊपर वाहन चालकों ने पार्किंग बना रखी है जबकि मेंन रोड का यह पुल है और जो थाने से चंद दूरी पर है। जिम्मेदार भी प्रतिदिन याहा से होकर गुजरते हैं। वहीं स्कूली बसें जब पुल से गुजरती है तो उन्हें दोनों तरफ खड़े वाहनों की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

#### हटवाएंगे रोड से अतिक्रमण

एसडीओपी पूजा शर्मा का कहना है कि अहमदपुर में सड़क पर अतिक्रमण को लेकर संस्थाओं से बात करेंगे। उसको क्लियर करने की कोशिश करेंगे ताकि जो रोड का एरिया है वह फ्री रह सके।

**पूजा शर्मा,** एसडीओपी

# आखरी सांस तक जेल में रहेगा स्कूल बस चालक

### बस में मासूम छात्रा के साथ की थी गंदी हरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

प्रायवेट स्कूल में अध्ययनरत केजी वन की छात्रा के साथ स्कूल बस के चालक द्वारा गंदी हरकत करने के मामले में पाक्सो न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर ने बस चालक रामकृष्ण पंवार आ। माखन पंवार निवासी ग्राम बाईसाद तहसील भैरूंदा को शेष प्राकृत जीवनकाल तक का कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्रीमती रेखा यादव द्वारा की गई थी। अभियोजन के बताए अनुसार गत 15 दिसम्बर 23 को मासूम बच्ची को लेकर उसके माता पिता महिला थाने पहुंचे।

उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री भैरूंदा के एक प्रायवेट स्कूल में केजी वन की छात्रा है। दिनांक 13 दिसम्बर 23 को मेरी पुत्री स्कूल से जब घर लौटी तो मैंने पुत्री के कपड़े धोने के लिए उठाए तो उस पर खून लगा दिखा। पीड़िता से जब मां ने खून के बारे में पूछा तो उसने डरते हुए बताया कि घटना दिनांक 13 दिसम्बर को स्कूल से लौटते वक्त जब सारे बच्चे सातदेव मोड़ पर उतर गए थे और वह बस में अकेली थी तब आरोपी रामकृष्ण ने बस के अंदर उसके साथ गंदी हरकत की। आरोपी बस चालक ने उसे धमकी दी कि घर में किसी को बताया तो मार डालूंगा। पीड़िता की मां ने अपने पति, सास और जेठानी को पूरी घटना बताई। इसके बाद वह थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची। पुलिस ने 16 दिसम्बर को आरोपी बस चालक रामकृष्ण पंवार को गिरफ्तार करते हुए बस को जब्त कर लिया।

धारा 164 के तहत पीड़िता के न्यायालय में बयान दर्ज किए गए। पुलिस द्वारा जांचापरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए विशेष न्यायाधीश स्मृतासिंह ठाकुर ने आरोपी स्कूल बस चालक रामकृष्ण पंवार को शेष प्राकृत जीवनकाल तक का कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रेखा यादव द्वारा की गई थी।

### ईमानदारी की मिसाल बने लक्ष्मी नारायण, साइबर सेल की मदद से लौटाया 75 हजार का मोबाइल



**सीहोर।** शहर के निवासी लक्ष्मी नारायण साहू ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए सड़क पर मिला एक महंगा मोबाइल फोन कीमत लगभग 75,000 साइबर सेल में जमा कराया। इस नेक कार्य के लिए पुलिस प्रशासन ने उन्हें सम्मानित किया। मोबाइल मालिक अनुज चौहान शुक्रवार को अहमदाबाद से सीहोर पहुंचे और बताया कि उनके बड़े भाई कुबेरेश्वर धाम दर्शन के दौरान मोबाइल खो गया था। साइबर सेल की सक्रियता से मोबाइल उन्हें सुरक्षित लौटाया गया। एडिशनल एसपी सुनीता रावत ने स्वयं मोबाइल सुपुर्द किया और श्री साहू को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शुक्ला, आरआई उपेंद्र यादव एवं यातायात प्रभारी सूबेदार बी.एम. धाकड़ उपस्थित रहे।

# वन अमले ने कार्रवाई कर अवैध लकड़ी की जब्त, आरोपी फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

डीएफओ अर्चना पटेल एसडीओ एलविन बर्मन के निर्देश पर रेंजर नवनीत झा अपनी टीम के साथ निरंतर जंगलों में गस्त की जा रही है। जिस के चलते लकड़ी माफियाओ व अतिक्रमण कार्यों पर सख्त नजर रखी जा रही है। वहीं वन विभाग के मुखबीर भी पुरी सक्रियता के साथ वन विभाग का सहयोग कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि वन विभाग को लगातार सफलता मिल रही है। गुरुवार को रेंजर नवनीत झा अपनी टीम के साथ रात्रि गस्त कर रहे थे। तभी उनको मूखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रोलागांव रोड से एक सफेद ओमनी मारुति वैन अवैध लकड़ी भरकर आ रही है। जिसकी सूचना पर रेंजर नवनीत झा अपनी टीम के साथ सुबह 5:00 बजे रोलागांव रोड पर पहुंचे। जहां उन्हें एक सफेद मारुति वैन आती दिखाई दी।

वन अमले द्वारा रोकने पर ड्राइवर गाड़ी छोड़कर खेतों की ओर भाग गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसके अंदर सागवान चिरान और पल्ले रखे हुए थे। जिनको जप्त कर केंद्रीय जलाओ कारागार लाया गया। सागौन चिरान व पल्ले सहित सफेद ओमनी मारुति वेन की कुल कीमत 66176 रुपए आकी गई। इस कार्रवाई में रेंजर नवनीत झा, वनरक्षक बहादुर सिंह ठाकुर, फैजल वर्नी, जितेंद्र सिंह ठाकुर, स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाडा का योगदान रहा।

# शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दी शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर





शासकीय माध्यमिक विद्यालय धनखेड़ी में शाला परिवार की और से शाला में दर्ज कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को लोवर, टी-शर्ट, टाई, बेल्ट, जूते, मौजें, पेन, कापी व अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। शाला के पांच शिक्षकों द्वारा 55 हजार की धनराशि एकत्रित की गई। एकत्रित राशि से सभी बच्चों को पूर्ण गणवेश व शैक्षणिक सामग्री का क्रय कर वितरण सहायक संचालक विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर द्वारा करवाया गया। इस अनूठी पहल के बारे में शाला प्रमुख ने बताया कि ग्राम के अन्य बच्चे जो अशासकीय विद्यालयों में जाते है। वह एक गणवेश में रहते हैं। उन्हें देखकर हमारी शाला के बच्चे को मायूसी होती थी। तभी शाला परिवार के सभी शिक्षको ने ग्यारह-ग्यारह हजार रूपए एकत्रित कर बच्चों के लिए पूर्ण सामग्री क्रय की। अब शासकीय विद्यालयों के बच्चे भी अशासकीय विद्यालयों की तरह लगने लगेंगे। सहायक संचालक विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ने शिक्षकों की इस पहल का स्वागत किया। तथा विकास खंड के सभी विद्यालयों को माध्यमिक शाला धनखेड़ी के शिक्षकों की पहल का अनुशरण हेतु प्रेरित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की वंदना की गई। अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छो से कियाञ सम्मान स्वरूप शाला के नाम से अंकित पट्टीका सभी अतिथियों को श्रीफल पेन भेंट की गई। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ग्राम सरपंच राजेश वर्मा, संकुल प्राचार्य रधुवंश पाठक, जनशिक्षक श्याम प्रजापति, जनशिक्षक रामेश्वर पाटिल, हाई स्कूल कचनारिया प्राचार्य आरसी राठौर, हाई स्कूल खजूरिया प्राचार्य बलवीर राठौर, बीएसी योगिता लोधी, प्रांत शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रदीप नागिया परमानंद पाटिल श्यामपुर संकुल से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शाला प्रमुख दिनेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस पहल के लिए सहायक संचालक दीपा कीर ने शाला के शिक्षक दिनेश विश्वकर्मा, अमिता राठौर, प्रतिमा शाक्य, अविनाश ठाकुर, नीतू सक्सेना का स्वागत किया।

# भुजरिया की तैयारियां शुरूः शुभम, निखिल को भुजरिया पर्व समिति का अध्यक्ष बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रक्षाबंधन के बाद भादौ माह की प्रथमा को मनाए जाने वाले सांस्कृतिक पर्व भुजरिया को भव्यता से मनाने के लिए कुशवाह समाज ने तैयारियां शुरू कर दी है । इस सम्बंध में नवीन भुजरिया समिति का गठन करके निखिल नरेंद्र कुशवाह को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । भुजरिया आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का त्योहार है इस पर्व में समाज के युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिये युवाओं को ही पद भार सौंपने का निर्णय दर्जीपुरा की कुशवाह समाज पंचायत ने लिया है । समाजजन ने आज इस सम्बंध में शास्त्री कालोनी स्थित कुशवाह समाज धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया । बैठक में सर्व सम्मति से निखिल नरेंद्र कुशवाह को अध्यक्ष बनाने की घोषणा के साथ ही नव नियुक्त अध्यक्ष को युवा वर्ग तथा अनुभवी वरिष्ठजन को शामिल कर पदाधिकारी नियुक्त करने के लिए अधिकृत किया गया है। दर्जीपुरा कुशवाह समाज पंचायत के पटेल दल किशोर कुशवाह की अध्यक्षता तथा जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई। सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि भुजरिया चल समारोह में स्त्री पुरूष निर्धारित ड्रेस कोड में शामिल होंगे । चल समारोह संचालन समिति का गठन भी पृथक से किया जाना तय किया गया ।बैठक में अध्यक्ष शुभम निखिल उपाध्यक्ष विजय कुशवाहा सह सचिव लल्ला कुशवाहा के साथ ही पटेल अमरचंद कुशवाहा , मना बाबू कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, रवि कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, ऋषि कुशवाहा, शुभम कुशवाह, राज कुशवाहा, हिमांशु कुशवाहा, विशाल कुशवाहा, लोकेश कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, कीर्तन कुशवाहा, मोहित कुशवाह, सुमित कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, पीयूष कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा, शुभ कुशवाह, बालमुकुंद कुशवाहा, कमल कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, आकाश कुशवाहा,आदि उपस्थित रहे।

### मानस भवन में चल रहे संगीतमय वैदिक सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों ने दी दस्तक

# आज बांसुरी नहीं बल्कि सुदर्शन चक्र की जरूरत हैः अंजली दीदी





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री मानस भवन आष्टा में चल रहे संगीतमय वैदिक सत्संग में दिन प्रतिदिन बडी संख्या में जन समूह शामिल हो रहा है। सुश्री अंजली दीदी आर्या के प्रवचन उपदेश व भजन सुनने आसपास के ग्रामीणजन भी पधार रहे हैं। अंजली दीदी ने तृतीय दिवस अपने ओजस्वी उदबोधन में बताया कि आज देश को स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी लेखाराम, गुरू गोविन्दसिंह जैसे बलिदानों की आवश्यकता है, तभी हिन्दुओ का पलायन रूकेगा। आज वासुरी नही बल्कि सुदर्शन चक्र की जरूरत है, वही उधमसिंह जी के बलिदान को याद करते हुए आज के युवओं को नसीहत दी।

दीदी ने आगे बताया कि हमे चित्र पूजा नही चरित्र पूजा करनी चाहिए, समय विधर्मी को मुह तोड जबाव देने का चल रहा है तभी राष्ट्र सुरक्षित रहेगा। दीदी ने शीतला माता मंदिर समिति की तारिफ करते हुए उसे हिन्दु समाज के लिए एक आर्दश उदहारण बताया एवं मंदिर जाकर माँ शीतला माता के दर्शन प्राप्त किया व वहा पर कई मजदुरकर्मी बिना अपनी मजदुरी लिए अपनी सेवा दे रहे उन सभी मजदुरो का दीदी ने स्वागत किया। इस अवसर पर शीलता माता मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनी एवं दल-बल उपस्थित रहा।

दीदी ने संपूर्ण मंदिर का अवलोकन किया तथा भुरी भुरी प्रशंसा की। दीदी का कल का स्वागत एवं भोजन प्रसादी जगदीश पटेल एवं बाबुलाल जी आर्य के निवास पर था, इस उपलक्ष्य में जगदीश पटेल के निवेदन पर दीदी ने शा.उ.मा.विद्यालय कोठरी संवाद सत्र रखा। इस अवसर पर बडी संख्याओं में विद्यार्थियो ने भाग लिया। विद्यालय में एक प्रेरणा दायक मेडिटेशन क्लास में आज के युवाओं में बढ रहे मानसीक तनाव, परिक्षा तनाव एवं मोबाईल के दुषपरिणाम के बारे में समझाया कि मोबाइल का अत्याधिक उपयोग ना केवल मानसिक एकाग्रता को प्रभावित करता है बल्कि पारिवारिक संबंधो व शारिरिक स्वास्थय पर प्रतिकुल प्रभाव डालता है।

वैदिक सत्संग आयोजन कर्ता आर्य समाज, शीतला माता मंदिर समिति ओर मानस भवन समिति के सामूहिक सामजस्य से चरम सफलता की ओर अग्रसर हो रहा है। उक्त जाानकारी मीडिया प्रभाारी देवकरण पहलवान द्वारा दी गई।

# चौरसिया समाज की बैठक संपन्न, विनोद बने समाज अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



चौरसिया समाज आष्टा ने गीतांजलि गार्डन में भव्य रूप से नाग पंचमी महोत्सव को धूमधाम से मनाया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण एवं भोजन प्रसादी कार्यक्रम संपन्न हुआ। वही कार्यक्रम के उपरांत वर्तमान अध्यक्ष राजाराम चौरसिया एवं समाज के पंचों द्वारा सर्वसम्मति से विनोद चौरसिया ग्राम मुगली को चौरसिया समाज समाज आष्टा का अध्यक्ष एवं ग्राम खडीहाट के दिनेश चौरसिया को समाज का उपाध्यक्ष एवं रजत चौरसिया को युवा अध्यक्ष व संजय ओमप्रकाश चौरसिया को युवा उपाध्यक्ष चुना गया। इसके बाद समाज जनों द्वारा हार फूल व साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण, जुगल किशोर रमेशचंद्र, पूर्व अध्यक्ष राजाराम, मिश्रीलाल खड़ी, जगदीश, विजय, बाबूलाल, ओमप्रकाश, महेश खड़ी, मोहन खडीहाट, मनोज जी, हेमंत, दिनेश, रघुनंदन, राजकुमार, दीपक मैना, उपेन्द्र, दशरथ चौरसिया, अरविंद, योगेंद्र मुगली, सतीश,बद्री, धर्मेंद्र भैया, सोनू अनिल विजय कुमार और कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र चौरसिया, मोंटी चौरसिया द्वारा किया गया। मातृ मातृशक्ति और महिला मण्डल द्वारा आगामी सोमवार को पपनास नदी के तट से गायत्री शक्तिपीठ महादेव मंदिर में कावड़ लेकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया जाएगा ।